

खिताब बचाने के दबाव के साथ नहीं, बल्कि एक बार फिर विश्व चैंपियन बनने के इरादे से उतरा हूं। पिछले कुछ वर्षों में मुश्किल दौर से गुजरने के बावजूद मैं शानदार फॉर्म में नजर आया। अब मेरा लक्ष्य एक बार फिर खिताब जीतना है। - डी गुकेश

भारतीय चेस चैम्पियन, विश्व चैम्पियनशिप को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

मदनलाल



1983 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य और पूर्व ऑलराउंडर मदनलाल ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को 2027 वनडे वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में शामिल करने की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि चयनकर्ताओं को पंत जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को टीम से बाहर रखने की गलती नहीं करनी चाहिए। मदनलाल ने पंत की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि वह कभी खराब फॉर्म में नहीं रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 153 रन की शानदार पारी इसका उदाहरण है। उन्होंने वनडे और टी-20 टीम में पंत को जगह नहीं मिलने पर भी सवाल उठाए।

क्या आप जानते हैं ?... 1983 के विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 175 रन बनाकर कपिल देव ने वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था।

अल्कराज ने पहली बार जीता फाइनल्स का खिताब, फाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 जोकोविच को हराया



नई दिल्ली, 23 नवंबर। स्पेन के युवा टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज ने पहली बार एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। इटली के ट्यूरिन में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में अल्कराज ने विश्व नंबर-1 सर्बिया के नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में 6-2, 7-6 (7) से हराकर खिताब जीता। इस जीत के साथ अल्कराज करियर ग्रैंड स्लैम और एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले आंद्रे अगासी, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

जोकोविच ने की अल्कराज की तारीफ

खिताब जीतने के बाद अल्कराज ने कहा कि महान खिलाड़ियों के साथ अपना नाम जुड़ना उनके लिए खास उपलब्धि है। उन्होंने कहा, "यह शानदार है कि मेरा नाम अब उन दिग्गजों के साथ है। यह एक अद्भुत सप्ताह रहा। मैंने अपनी टीम के साथ कई मुश्किल दौर का सामना किया है। मैं बेहतरीन टेनिस खेल रहा हूं और इस ट्रॉफी को जीतने का लंबे समय से इंतजार था।"

चोट के बावजूद लगातार 14वीं जीत

अल्कराज बाईं हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे थे। फाइनल में उनकी ऊपरी जांघ पर काली इलास्टिक बैंड और दाएं घुटने पर टेप लगा हुआ था। इस साल बीच में दाईं कलाई की चोट के कारण वह चार महीने कोर्ट से दूर भी रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने वियना और पेरिस के बाद ट्यूरिन में खिताब जीतकर लगातार 14वीं जीत दर्ज की। इस खिताबी सफलता के साथ उन्हें करीब 5.2 मिलियन डॉलर (लगभग 43 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि मिली।

पहले टेस्ट में टीम शायद बच गई और मैच ड्रॉ कराने में सफल रही : टॉम लैथम

नई दिल्ली, 23 नवंबर। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने माना कि बेसिन रिजर्व में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में उनकी टीम शायद बच गई और मैच ड्रॉ कराने में सफल रही। उन्होंने पूरे मुकाबले के दौरान अपनी टीम पर बने दबाव और मैच बचाने में मदद करने वाली बल्लेबाजी के प्रयासों का जिक्र किया। वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को ड्रॉ पर रोक दिया, जबकि मेहमान टीम ने अपनी पहली पारी में 720/9 (घोषित) का विशाल स्कोर खड़ा करके जीत की ओर बढ़ने के लिए एक मजबूत स्थिति बना ली थी। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह ड्रॉ जीत जैसा लगा, तो लैथम ने माना कि उनकी टीम मुश्किल स्थिति में थी, खासकर पहले दिन जब उन पर काफी दबाव आ गया था। हालांकि, उन्होंने बल्लेबाजों की तारीफ की कि कैसे उन्होंने दबाव को झेला और टीम को वापस मुकाबले में ला खड़ा किया।

बेन स्टोक्स और जो रूट की अर्जी खारिज

नई दिल्ली, 23 नवंबर। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी से इंग्लैंड को झटका लगा है। सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली क्रिकेट कमेटी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल में स्लो ओवर रेट के लिए सभी टीमों से एक जैसे पॉइंट्स काटने पर इंग्लैंड को हो रहे नुकसान की चिंताओं को खारिज कर दिया है। यह मामला सबसे पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स ने उठाया था और बाद में मौजूदा कप्तान जो रूट ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी थी। हाल ही में बाली में हुई आईसीसी की मीटिंग में इसे कमेटी से कोई सपोर्ट नहीं मिला। ऐसे में आगे के डब्ल्यूटीसी साइकिल में टीमों को स्लो ओवर रेट के लिए पेनल्टी मिलती रहेगी। जब टीमें जरूरी समय में ओवर नहीं कंप्लीट कर पाती हैं तो उनका पॉइंट काटा जाता है। इस पर इंग्लैंड टीम के पूर्व कप्तान ने और बाद में वर्तमान कप्तान ने नाराजगी जाहिर की थी और तर्क दिया था कि सब-कॉन्टिनेंट की टीमों को समय पर ओवर पूरे करने का नैचुरल फायदा होता है, क्योंकि उनके घरेलू मैचों में स्पिनर ज्यादा गेंदबाजी करते हैं, जबकि इंग्लैंड को नुकसान झेलना पड़ता है, क्योंकि वे सीम-फेंडली कंडीशन में तेज गेंदबाजों का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं।

वेलिंगटन टेस्ट : मिचेल और फिलिप्स की जुझारू बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने भारत को जीत से रोका, पहला मैच रहा ड्रॉ



वेलिंगटन, 23 नवंबर। डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने बेसिन रिजर्व की बेजान पिच पर अपनी रक्षात्मक तकनीक का अच्छा नमूना पेश करते हुए 43 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया जिससे न्यूजीलैंड सोमवार को यहां भारत के खिलाफ पहला टेस्ट क्रिकेट मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा। मिचेल (186 गेंदों पर नाबाद 49) और फिलिप्स (126 गेंदों पर नाबाद 26) ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने न्यूजीलैंड के पांच विकेट 176 रन पर निकालकर जीत की उम्मीद जगा दी थी। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 63 रन की अटूट साझेदारी की। न्यूजीलैंड ने जब अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 239 रन बनाए थे तब दोनों कप्तान मैच ड्रॉ करने पर सहमत हो गए। भारत ने न्यूजीलैंड के 368 रन के जवाब में अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 720 रन पर समाप्त घोषित करके 352 रन की बढ़त हासिल की थी। इस मैच के ड्रॉ होने से भारत की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने कीसंभावनाओं को झटका लगा है, क्योंकि उसका अंक प्रतिशत 51.52 से गिरकर 50 हो गया है, हालांकि वह तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है। न्यूजीलैंड भी दूसरे स्थान से खिसककर तीसरे स्थान पर आ गया है, जिसका अंक प्रतिशत 66.67 है। दक्षिण अफ्रीका 75 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 69.23 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। दिन भर तेज हवा चल रही थी और आसमान में कुछ बादल भी थे, लेकिन पिच में ऐसी कोई खामी नहीं थी जिससे बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाने वाले बल्लेबाजों को किसी तरह की परेशानी हो।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज गेंद की सीधी रेखा में खेल सकते थे और असमान उछाल की चिंता किए बिना बचाव कर सकते थे। सीमित ओवरों के धाकड़ बल्लेबाज मिचेल और फिलिप्स ने दिखाया कि वह जरूरत पड़ने पर बेहद रक्षात्मक बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने गेंदबाजी में लगातार बदलाव किए लेकिन इसका कोई फायदा नहीं मिला। न्यूजीलैंड के रक्षात्मक रवैए का अंदाजा इससे ही लग सकता है कि उसने अंतिम दिन 75 ओवर का सामना किया और केवल 120 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर (34 ओवर में 64 रन देकर एक विकेट) ने कुछ अवसरों पर बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन अन्य भारतीय गेंदबाज उन पर खास दबाव नहीं बना पाए। न्यूजीलैंड ने सुबह दो विकेट पर 119 रन से आगे खेलना शुरू किया।

उसने पहले सत्र में पिछले दिन के अविजित बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (165 गेंदों पर 65 रन) और रचिन रविंद्र (129 गेंदों पर 37 रन) के विकेट गंवाए। कॉनवे और रविंद्र ने जसप्रीत बुमराह (20 ओवर में 42 रन देकर एक विकेट) और अंशुल कंबोज (22 ओवर में 45 रन देकर एक विकेट) का अच्छी तरह से सामना किया और तीसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। ऐस में वाशिंगटन ने कॉनवे को आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर किया, लेकिन गेंद ने उम्मीद से थोड़ा अधिक उछाल लिया जो उनके बल्ले और पैड से लगकर ऋषभ पंत के दस्तानों में चली गई जिन्होंने आगे डाइव लगाकर शानदार कैच लिया।

पहली पारी में खराब लेंथ के कारण आलोचना झेलने वाले प्रसिद्ध कृष्णा (19 ओवर में 23 रन देकर दो विकेट) ने दूसरी पारी में अच्छी लेंथ से गेंदबाजी की। उनकी चौथे स्टंप की लाइन पर की गई एक गेंद रविंद्र के बल्ले का किनारा लेकर दूसरी स्लिप में खड़े केएल राहुल के सुरक्षित हाथों में चली गई। न्यूजीलैंड ने दूसरे सत्र में टॉम ब्लंडेल (54 गेंदों पर 15 रन) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया, जिन्होंने कंबोज की गेंद पर पंत को कैच दिया।

जैसे ही मिचेल और फिलिप्स ने भारतीय खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाया, न्यूजीलैंड की टीम ने राहत की सांस ली। दोनों टीम के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 27 नवंबर से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। उससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और गिल को अपने गेंदबाजी आक्रमण को लेकर मंथन करना होगा क्योंकि कंबोज और प्रसिद्ध खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए।

वेलिंगटन टेस्ट ड्रॉ होने से भारत को डब्ल्यूटीसी की राह में लगा झटका

वेलिंगटन, 23 नवंबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट में सोमवार को मुकाबला ड्रॉ रहने से भारत की अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। पांचवें और आखिरी दिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने पूरे दिन संघर्ष करते हुए भारतीय टीम को जीत से वंचित कर दिया। मैच में एक घंटे का खेल शेष रहते दोनों टीमों के कप्तान शुभमन गिल और टॉम लैथम ने ड्रॉ पर सहमति जताई। उस समय न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 239 रन था। इस नतीजे के बाद डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में भारत 50 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। दो मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले भारत का अंक प्रतिशत 51.52 था। भारत को मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र (2024-27) में अब छह टेस्ट मैच और खेलने हैं। इनमें एक टेस्ट क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ और पांच टेस्ट जनवरी-फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेले जाएंगे। अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 69.23 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और न्यूजीलैंड 66.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। इस स्थिति में भारत को फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी सभी छह टेस्ट जीतने होंगे। ऐसा करने पर उसका अंक प्रतिशत 66.67 हो जाएगा। सभी छह टेस्ट जीतने के बावजूद भारत शीर्ष दो टीमों से पीछे रह सकता है और उसे दूसरी टीमों के खराब प्रदर्शन की भी उम्मीद करनी होगी। भारत अगर बाकी छह टेस्ट में से पांच जीतता है और एक मैच ड्रॉ रहता है, तो उसका अंक प्रतिशत 62.96 होगा जबकि पांच जीत और एक हार की स्थिति में यह घटकर 61.11 रह जाएगा। ऐसे में भारत के लिए फाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने का एकमात्र रास्ता सभी छह मुकाबलों में जीत हासिल करना है। इसके साथ ही अगले कुछ महीनों में उसे अन्य टीमों के नतीजे भी अपने पक्ष में आने की उम्मीद करनी होगी। मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की स्थिति सबसे मजबूत है। उसे अपने बाकी पांच टेस्ट मैचों में से केवल तीन में जीत दर्ज करनी है। इन पांच मुकाबलों में बांग्लादेश के खिलाफ भी एक टेस्ट भी शामिल है।

गिल ने आईसीसी से की सलाइवा पर प्रतिबंध हटाने की मांग



वेलिंगटन, 23 नवंबर। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में पहला टेस्ट सोमवार को ड्रॉ होने के बाद गिल ने कहा कि कोविड-19 महामारी खत्म हुए कई साल बीत चुके हैं, ऐसे में गेंद पर लार लगाने की अनुमति अब भी क्यों नहीं है, यह उनकी समझ से बाहर है। भारत को अंतिम दिन जीत के लिए आठ विकेट की जरूरत थी, लेकिन ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल की जुझारू साझेदारी को तोड़ने में भारतीय गेंदबाज नाकाम रहे। दोनों बल्लेबाजों ने अंतिम दो सत्रों में 43 ओवर तक बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत से दूर रखा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिल ने कहा, मुझे नहीं पता कि गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल की अनुमति क्यों नहीं है। कोविड-19 महामारी खत्म हुए कई साल हो चुके हैं। मुझे समझ नहीं आता कि अब भी इसकी अनुमति क्यों नहीं है।

कोविड-19 महामारी के दौरान संक्रमण का खतरा कम करने के लिए वर्ष 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया था। बाद में 2022 में आईसीसी ने इस प्रतिबंध को स्थायी कर दिया। हालांकि, वर्ष 2025 में इंडियन प्रीमियर लीग में लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया था, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में यह पाबंदी अब भी लागू है।

गेंद के एक तरफ चमक बनाए रखने और रिवर्स स्विंग हासिल करने में मदद के लिए आमतौर पर लार का इस्तेमाल किया जाता है। सपाट पिचों पर यह गेंदबाजों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित हो सकती है। वेलिंगटन में भारतीय टीम को भी ऐसी ही सपाट पिच का सामना करना पड़ा, जहां गेंदबाजों को विकेट हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी।

शंघाई में खुला रोनाल्डो का अनूठा संग्रहालय

शंघाई, 23 नवंबर। पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को समर्पित संग्रहालय 21 नवंबर को शंघाई में खोला गया। चीनी मुख्यभूमि में अपनी तरह का यह पहला संग्रहालय है, जो रोनाल्डो के करियर और उपलब्धियों को दर्शाता है। सीआर7 संग्रहालय शंघाई नंबर-1 शॉपिंग सेंटर में करीब तीन हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया गया है। संग्रहालय के बाहर रोनाल्डो की मशहूर 'सिउ' गोल सेलिब्रेशन मुद्रा में सात मीटर ऊंची प्रतिमा लगाई गई है। इसे पुर्तगाली फुटबॉलर की दुनिया की सबसे ऊंची पूर्ण आकार की प्रतिमा बताया जा रहा है। संग्रहालय के अंदर लगी प्रदर्शनी में रोनाल्डो के बचपन से लेकर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सुपरस्टार बनने तक के सफर को दर्शाया गया है। इसके एक हिस्से में लिस्बन में स्पोर्टिंग सीपी के लिए खेलते समय युवा खिलाड़ी के रूप में रोनाल्डो के छात्रावास के कमरे को फिर से तैयार किया गया है। वहां गुलाबी चादर वाले बिस्तर और दीवार पर लिखा संदेश उनके उस सपने की याद दिलाता है, जिसमें उन्होंने कहा था, एक दिन मैं दुनिया का सर्वश्रेष्ठ सात नंबर का खिलाड़ी बनूंगा।

भारत-पाक खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने पर प्रतिक्रिया

हम चाहते हैं खिलाड़ी हाथ मिलाएं, लेकिन निर्देशों पर हमारा नियंत्रण नहीं : स्टीवर्ट



नई दिल्ली, 23 नवंबर। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबलों में खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने का सिलसिला जारी है। रविवार को दोहा में एशिया राइजिंग कप के मुकाबले में भारत-ए और पाकिस्तान-ए के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने भी हाथ नहीं मिलाए। मैच समाप्त होने के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी बिना हाथ मिलाए अपने-अपने ड्रेसिंग रूम में लौट गए। इस मामले पर क्रिकेट के नियमों की संरक्षक संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह खिलाड़ियों को आपस में हाथ मिलाते देखना चाहती है, लेकिन इस संबंध में ऊपर से आने वाले निर्देशों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है। 20 के पांचवें सीजन के लिए यूएई में मौजूद के लॉर्ड्स मैनेजर और हेड ऑफ क्रिकेट फ्रेजर स्टीवर्ट ने कहा कि संस्था खिलाड़ियों के हाथ मिलाने का समर्थन करती है। उन्होंने कहा, "अगर हाथ मिलाने को लेकर ऊपर से निर्देश आ रहे हैं, तो यह ऐसी चीज नहीं है जिसे नियंत्रित कर सके। हम खिलाड़ियों को हाथ मिलाते देखना चाहेंगे, लेकिन समझते हैं कि इसमें बड़े मुद्दे शामिल हैं। यह हमारे नियंत्रण से बाहर है।"

एशिया कप 2025 से शुरू हुआ सिलसिला

भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच हाथ नहीं मिलाने का यह पहला मामला नहीं है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इसके बाद सितंबर 2025 में एशिया कप के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उस समय स्पष्ट किया था कि भारतीय टीम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है। इसके बाद से दोनों देशों के बीच क्रिकेट मुकाबलों में यह सिलसिला जारी है। एशिया कप के बाद महिला और पुरुष क्रिकेट के विभिन्न टूर्नामेंटों में भी भारतीय टीम का पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने का रुख देखने को मिला है।

राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक में राजस्थान को कांस्य पदक

जयपुर, 23 नवंबर। जयपुर में 12 से 16 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने एरो-स्टेप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। टीम में संस्कृति सोनी, मीनाक्षी प्रजापत, मणि, तपस्या सोनी, वैशाली प्रजापत, रेखा वर्मा, भूमिका और शुभम शामिल रहे। टीम की प्रशिक्षक निहारिका भाटी थीं। इस उपलब्धि पर जिला जिम्नास्टिक्स संघ जोधपुर की ओर से खिलाड़ियों और कोच का अभिनंदन किया गया। वहीं, संस्कृति सोनी को मलेशिया में आयोजित एशियन रिदमिक जिम्नास्टिक्स ट्रेनिंग कैंप के लिए चयनित होने पर सम्मानित किया गया। समारोह में पदाधिकारी, प्रशिक्षक और खिलाड़ियों के परिजन मौजूद रहे।

मनय और गौरव के शतकों से रोमांचक मुकाबला, राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी विजयी



जयपुर, 23 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को नेशनल क्रिकेट ग्राउंड, बैनाड़ पर खेले गए पूल-बी के मुकाबले में राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी को 28 रन से हराकर दो अंक अर्जित किए। राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 203 रन बनाए। मनय कटारिया ने 39 गेंदों पर 92 रन (9 चौके, 7 छक्के) और रौनक राकेश गुप्ता ने 34 गेंदों पर 50 रन (7 चौके, 1 छक्का) की शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं। श्याम सुंदर ने 18 और जगदंबिका पॉल ने 15 रन बनाए। जवाब में नेशनल क्रिकेट एकेडमी की टीम कप्तान गौरव सैनी की 42 गेंदों पर 94 रन (4 चौके, 10 छक्के) की शानदार पारी के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन ही बना सकी। कृष्णा सैनी ने 25 और गिर्राज चौधरी ने 19 रन बनाए। राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी की ओर से उदय सिंह राजावत ने दो विकेट लिए, जबकि अर्जुन गुर्जर, प्रिंस, नवदीप सिंह और जगदंबिका पॉल ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस तरह राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी ने 28 रन से मुकाबला जीत लिया।

गांगुली ने टीम सिलेक्शन पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 23 नवंबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मानव सुतार और कुलदीप यादव को टीम से बाहर रखने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि सपाट पिचों पर टेस्ट जीतने के लिये शीर्ष स्पिनर की जरूरत होती है। भारतीय टीम पांचवें दिन ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल के बीच छठे विकेट की साझेदारी नहीं तोड़ सकी।

सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन में लगातार तीसरे खिताब के लिए उतरेगी त्रीसा-गायत्री, एकल में रक्षिता संभालेंगी भारतीय चुनौती



लखनऊ, 23 नवंबर। गत चैंपियन त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद मंगलवार से लखनऊ में शुरू हो रहे सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला युगल का लगातार तीसरा खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी। वहीं, पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में टोक्यो 2020 ओलंपिक की महिला एकल चैंपियन चेन यूफेई को हराकर सुर्खियों में आईं युवा खिलाड़ी रक्षिता रामराज एकल मुकाबलों में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। विश्व बैडमिंटन महासंघ की सुपर 300 श्रेणी का यह टूर्नामेंट मंगलवार से रविवार तक बाबू बनारसी दास उत्तर प्रदेश बैडमिंटन अकादमी में खेला जाएगा।

शीर्ष वरीयता प्राप्त त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद लगातार तीसरी बार सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने की कोशिश करेंगी। भारतीय जोड़ी ने 2024 में पहली बार यह खिताब जीता था और पिछले साल सफलतापूर्वक इसका बचाव किया था। दोनों 2022 में उपविजेता भी रही थीं। टूर्नामेंट में उनका लगातार अच्छा प्रदर्शन उनकी मजबूत दावेदारी को दर्शाता है। इस साल की शुरुआत में त्रीसा और गायत्री ने नई दिल्ली में आयोजित विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर अपने प्रदर्शन को और मजबूत किया था।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स : पाक-ए ने भारत-ए को 48 रन से हराया

नई दिल्ली, 23 नवंबर। पाकिस्तान ए ने मेन्स एशिया कप राइजिंग स्टार्स के 8वें मुकाबले में इंडिया ए को 48 रनों से मात दी। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 49.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 313 रन बनाए। इसके जवाब में इंडिया ए ने खराब शुरुआत की और फिर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। हालांकि कप्तान तिलक वर्मा एक छोर पर डटे रहे लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इंडिया ए की टीम 49.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 265 रन ही बना सकी। तिलक वर्मा ने शतकीय पारी खेली। इसके अलावा अभिषेक शर्मा ने 70 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए हसन नवाज और अली राजा ने 3-3 विकेट लिए।

तिलक का शतक गया बेकार

पाकिस्तान द्वारा मिले 314 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शुरुआती ओवर में वैभव सूर्यवंशी और आयुष बडोनी का विकेट गंवाया। वैभव 13 गेंद में 11 और आयुष खाता भी नहीं खोल सके। अभिषेक शर्मा 42 गेंद में 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और इतने ही छक्के लगाए। पिछले मैच में शतक लगाने वाले कुमार कुशाग्र सात गेंद में दो रन ही बना पाए। रिंकू सिंह 14 गेंद में 6 रन ही बना पाए। सूर्यांश तीन रन बनाकर आउट हुए। शाहबाज अहमद ने 49 गेंद में 56 रन की दमदार पारी खेली। इसके बाद विप्रज निगम भी क्लीन बोल्ड हो गए। हर्षित खाता नहीं खोल सके। अहमद दानियाल ने तिलक वर्मा को आउट करके इंडिया की पारी समाप्त की। तिलक ने 149 गेंद में 100 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। प्रिंस एक रन बनाकर नाबाद लौटे।

यूथ कप अंडर-14 : जीआर, एलबीएस-तारिक एकेडमी जीती



जयपुर, 23 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में जीआर एकेडमी ने नारायणा एकेडमी को 4 रन, एलबीएस एकेडमी ने राजस्थान यूथ को 10 विकेट और तारिक एकेडमी ने कोड़ाई एकेडमी को 144 रन से हराया। जीआर की ओर से हिमांशु (67) और तनुश पाबड़ी (55) ने अर्धशतक लगाए। तारिक एकेडमी के नीरज ने 72 रन बनाए, जबकि रुद्र प्रताप ने 25 रन देकर 6 विकेट झटके। एलबीएस एकेडमी की जीत में मोहम्मद साद (66) और निकी दाश (52) ने नाबाद अर्धशतक लगाए। विहान पुनिया ने 4 और कृतिन रोलीवल ने 4 विकेट लिए।

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम में दो बदलाव, नील टैंक और अराफात खान को मौका

जयपुर, 23 नवंबर। बीसीसीआई की सैयद मुश्ताक अली टी-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026-27 के लिए राजस्थान की सीनियर टीम में दो बदलाव किए गए हैं। आगामी मुकाबलों के लिए हिमांशु राणा और हनी प्रताप सिंह को टीम से बाहर किया गया है, जबकि नील टैंक और अराफात खान को टीम में शामिल किया गया है। इससे पहले घोषित 15 सदस्यीय राजस्थान टीम में दीपक चाहर (धौलपुर), अजय राज सिंह (अजमेर), कार्तिक शर्मा (भरतपुर), राहुल चाहर (भरतपुर), रामनिवास गोलाड़ा (भीलवाड़ा), रोहन राजबार (जयपुर), अभिजीत तोमर (जयपुर), हिमांशु सिंह राणा (जयपुर), हनी प्रताप सिंह (झुंझुनूं), कुणाल सिंह राठौड़ (कोटा), महिपाल लोमरोर (नागौर), मुकुल चौधरी (सीकर), हिमांशु नेहरा (सीकर), अभिषेक मूंड (सीकर) और मानव सुथार (श्रीगंगानगर) शामिल थे।

राजस्थान के आगामी मुकाबले

14 नवंबर - राजस्थान बनाम उत्तर प्रदेश
16 नवंबर - राजस्थान बनाम झारखंड
18 नवंबर - चंडीगढ़ बनाम राजस्थान
20 नवंबर - राजस्थान बनाम बड़ौदा
22 नवंबर - राजस्थान बनाम मिजोरम
24 नवंबर - कर्नाटक बनाम राजस्थान
26 नवंबर - बंगाल बनाम राजस्थान

राजस्थान टीम ने 11 नवंबर को जयपुर से प्रतियोगिता के लिए रवाना होना था। लीग चरण के बाद सुपर लीग मुकाबले 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 6 दिसंबर को होगा।

बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों ने क्रीड़ा परिषद सचिव को सौंपा ज्ञापन, छह मांगें उठाई

जयपुर, 23 नवंबर। राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों ने राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव से मुलाकात कर छह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। खिलाड़ियों ने वर्ष 2022 से लंबित पुरस्कार राशि का भुगतान करने सहित खेल एवं खिलाड़ियों से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर नियमानुसार यात्रा एवं दैनिक भत्ता (टीए-डीए) देने, सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत खेल आरक्षण का लाभ दिलाने तथा आगामी खेलो राजस्थान गेम्स में बॉल बैडमिंटन को शामिल करने की मांग उठाई। इसके अलावा सभी मान्यता प्राप्त



खेलों के खिलाड़ियों को समान सुविधाएं एवं प्रोत्साहन देने तथा खिलाड़ियों की मान्यता, पात्रता, अनुदान और पुरस्कार राशि से जुड़े मामलों में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की गई। खिलाड़ियों ने बताया कि राजस्थान के बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों ने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है, लेकिन लंबे समय से उन्हें उपलब्धियों के अनुरूप प्रोत्साहन एवं सरकारी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कई बार पत्राचार करने के बावजूद लंबित समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। खिलाड़ियों ने परिषद सचिव से लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निस्तारण के लिए समय-सीमा तय करने तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने एकजुट होकर बॉल बैडमिंटन के विकास और खिलाड़ियों के हित में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

कोलकाता में होगा वेटरंस का महाकुंभ



जयपुर, 23 नवंबर। कोलकाता में 28 व 29 नवंबर को होने वाली अखिल भारतीय वेटरन्स क्रि